अमित कटारिया
आई.ए.एस.
सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा
चिकित्सा शिक्षा विभाग
कक्ष क्रमांक–एम–3/28,29,30
मंत्रालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर–492002

Ph : 0771-2510490
Email : amitkataria@nic.in
secy-health.cg@gov.in

अर्द्ध शास. पत्र क्र. ..................................

दिनांक ..........24 SEP 2025..........

## //शुभकामना संदेश//

25 सितम्बर को ***विश्व फार्मासिस्ट दिवस*** मनाया जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के 36,000 से अधिक पंजीकृत फार्मासिस्टों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह दिवस उस समर्पित समुदाय को सम्मानित करता है जो दवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य और जीवन रक्षा की सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाता है।

फार्मासिस्ट चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। उनका कार्य केवल दवा देना भर नहीं है, बल्कि सही दवा, सही खुराक और सही समय पर दवा उपलब्ध कराना है। वे दवाओं के निर्माण, परामर्श, भंडारण और वितरण में विशेषज्ञ होते हैं। उनका हर निर्णय मरीज के जीवन और स्वास्थ्य से सीधा जुड़ा होता है।

आज जब नई-नई बीमारियाँ और जटिल दवाएँ सामने आ रही हैं, फार्मासिस्ट की भूमिका और भी अहम हो गई है। विशेष रूप से *एंटीबायोटिक रेज़िस्टेंस* जैसी चुनौतियों से निपटने में उनकी ज़िम्मेदारी अत्यधिक है। फार्मासिस्ट लोगों को जागरूक करते हैं कि दवाओं का उपयोग तार्किक ढंग से और विशेषज्ञ की सलाह पर ही किया जाए।

सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की सफलता में भी फार्मासिस्ट की सक्रिय भागीदारी रहती है। वे न केवल दवा उपलब्ध कराते हैं बल्कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों के सबसे निकटतम स्वास्थ्य मार्गदर्शक बनकर कार्य करते हैं। उनकी सेवा सरकार के संसाधनों की बचत करती है और मरीजों को सुगम चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने में सहायता करती है।

इस वर्ष की थीम हमें यह स्मरण कराती है कि स्वास्थ्य केवल रोग-मुक्त होने का नाम नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने का आधार है। और इस आधार को मजबूत बनाने में फार्मासिस्ट का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आइए, इस विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि स्वास्थ्य के विषय में सोचते समय फार्मासिस्ट की भूमिका को अवश्य याद करेंगे और उन्हें वह सम्मान देंगे जिसके वे हकदार हैं।

**"स्वास्थ्य का सोचें, तो फार्मासिस्ट को सोचें।"**

Amit

(अमित कटारिया)